BGYCT-131

सत्रीय कार्य पुस्तिका

विज्ञान में स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बी.एस.सी.जी.)

भौतिक और संरचनात्मक भूविज्ञान

1 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक वैध

सत्रांत परीक्षा के लिए फार्म भरने से पहले सत्रीय कार्य जमा करना अनिवार्य है।

विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110 068

(2023)

प्रिय विद्यार्थी,

आपके नामांकन के बाद हमने आपको स्नातक उपाधि कार्यक्रम की कार्यक्रम दर्शिका भेजी थी। उसमें सत्रीय कार्य से संबंधित जो भाग है, उसे कृपया पढ़ लें। जैसा कि आप जानते हैं सतत मूल्यांकन के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित किये गये हैं। इसके लिए आपको इस पाठ्यक्रम का एक सत्रीय कार्य हल करना होगा। यह सत्रीय कार्य इस पुस्तिका में शामिल है और इसमें दो भाग हैं, **Part A** और **Part B**। दोनो भागों के कुल अंक 100 हैं, जिनमें से उत्तीर्ण करने के लिए आपको 35 प्रतिशत अंक की आवश्यकता है।

सत्रीय कार्य से संबंधित निर्देश

इससे पहले कि आप किसी प्रश्न का उत्तर लिखें, निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

1. अपनी उत्तर पुस्तिका के पहले पृष्ठ पर सबसे ऊपर निम्नलिखित प्रारूप के आधार पर विवरण लिखें।

नामांकन संख्या : ....

नाम : ....

पता : ....

....

पाठ्यक्रम संख्या : ....

पाठ्यक्रम शीर्षक : ....

सत्रीय कार्य संख्या : ....

अध्ययन केंद्र : ....

दिनांक : ....

कार्य के सही और शीघ्र मूल्यांकन के लिए दिये गये प्रारूप का सही अनुसरण करें।

2. अपना उत्तर लिखने के लिए फुलस्कैप काग़ज़ का इस्तेमाल करें, जो ज़्यादा पतला न हो।
3. प्रत्येक काग़ज़ पर बांयें, ऊपर और नीचे 4 से. मी. की जगह छोड़ें।
4. आपके उत्तर स्पष्ट, सटीक और अपने शब्दों में होने चाहिए।
5. इस सत्रीय कार्य के Part A और Part B को हल करें, और **Part A और Part B सहित संपूर्ण सत्रीय कार्य को वैध तिथि के भीतर अपने अध्ययन केंद्र में जमा कर दें।**
6. **सत्रीय कार्य उत्तर पुस्तिका नियत तिथि के भीतर आपने अध्ययन केंद्र पर जमा करें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त उत्तर पुस्तिकाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

   हमारा सुझाव है कि आप अपने सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।
7. यह सत्रीय कार्य **1 जनवरी 2023 से लेकर 31 दिसंबर 2023 तक वैध है**। यदि आप इस सत्रीय कार्य को दिसंबर 2023 तक जमा करने में विफल रहते हैं तब आपको वर्ष **2024** का सत्रीय कार्य करना होगा और कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों के अनुसार इसे जमा करना होगा।
8. **यदि आप इस सत्रीय कार्य को जमा नहीं करेंगे तो आप इस पाठ्यक्रम का सत्रांत परीक्षा फार्म जमा नहीं कर सकेंगे।** किसी भी पूछताछ के लिए आप कृपया संपर्क करें : meenalmishra@ignou.ac.in, bdeshmukh@ignou.ac.in।

हमारी शुभकामनाएं आपके साथ हैं।

सत्रीय कार्य

भौतिक और संरचनात्मक भूविज्ञान

पाठ्यक्रम कोड : **BGYCT-131**
सत्रीय कार्य कोड : **BGYCT-131/TMA/2021-2023**
कुल अंक : **100**

नोट : सभी प्रश्न हल करें। प्रत्येक प्रश्न के आगे उसके अंक दर्शाए गए हैं। सभी उत्तर अपने शब्दों में लिखें; पाठयक्रम सामग्री से कॉपी न करें।

Part A

1. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखें :

   a) भूविज्ञान की अनुप्रयुक्त एवं संबंधित शाखाएं (5)

   b) सौरमण्डल का गठन (5)

2. पृथ्वी की परतन एवं संरचना के बारे में विस्तार से लिखिए। (10)

3. वायु की भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं के कारण निर्मित होने वाले निक्षेपणात्मक भूआकृतियों को स्पष्ट आरेखों की सहायता से समझाइए। (10)

4. अपक्षय क्या है? अपक्षय के प्रकार एवं उनकों प्रभावित करने वाले कारकों की विस्तार से चर्चा कीजिए। (10)

5. नदी के विभिन्न प्रकारों एवं अवस्थाओं का सचित्र वर्णन कीजिए। (10)

Part B

6. वलन के अवयवों को समझाइये। विशेष गुणों के आधार पर वलनों के वर्गीकरण का सचित्र वर्णन कीजिए। (10)

7. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए :

   a) पर्वत निर्माण के संकुचन एवं प्रसार परिकल्पनाएं (5)

   b) नत संस्तरों के नतिलम्ब और नति का मापन (5)

8. संधि क्या है? उत्पत्ति के आधार पर संधियों के वर्गीकरण का सचित्र वर्णन कीजिए। (10)

9. पर्वतों के वर्गीकरण को उपयुक्त चित्रों की सहायता से समझाइए। (10)

10. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखें :

    a) क्षेत्र में भ्रंश के पहचान के लिए मापदण्ड (5)

    b) प्लेट विवर्तनिकी का मूल सिद्धांत (5)